छपे हुए पृष्ठों की संख्या/Total No. of printed pages: 11

# परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था
## Atomic Energy Education Society

टर्म-1/आवधिक परीक्षा-2 2023-24 Term-I/PT-II Examination 2023 - 24

**कक्षा /Class : 5 (पाँचवीं)** **अवधि/ Duration : 3 घंटे**

**विषय / Subject : हिंदी** **अधिकतम अंक/ Maximum Marks : 80**

---

**विद्यार्थी द्वारा भरा जाएगा/To be filled by the student**

Unique Examination No: ______________________________________

कक्षा/वर्ग/ Class /Sec ____ परीक्षा की तिथि/ Date of Examination: ________

परीक्षा का दिन/ Day of Examination: ________

विद्यालय का नाम/ Name of the School: ________________________________

निरीक्षक के हस्ताक्षर/ Invigilator's Sign: ____________________

---

**शिक्षक द्वारा भरा जाएगा / To be filled by the teacher**

प्राप्त अंक/**Marks Obtained** [ ] कुल अंक/ **Total Marks** [ ]

परीक्षक के हस्ताक्षर/ Examiner's Sign: _____________

क्रॉस जाँचकर्ता के हस्ताक्षर Cross checker Sign: ___________________

परीक्षा प्रभारी के हस्ताक्षर/Exam I/C sign: ________________

---

**सामान्य निर्देश/General Instructions:**

1. सभी प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए |
2. सभी प्रश्नों के अंक उनके समक्ष दिए गए हैं |
3. स्वच्छता एवं सुंदर लेख का विशेष ध्यान रखें |

**प्रश्न-1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए |**

बहुत पुराने समय में कबूतरों के द्वारा संदेश भेजे जाते थे | जब संदेशवाहक कबूतरों की बात हो रही है तो उन इंसानों की बात कैसे न हो जो ऐसे समय से डाक पहुँचाने काम करते रहे, जब संचार और परिवहन के साधन बेहद सीमित थे ! बात हो रही है उन हरकारों की जो पैदल ही आम आदमी तक चिट्ठी-पत्री पहुँचाने का काम करते रहे | राजा, महाराजाओं के पास घुड़सवार हरकारे हुआ करते थे | हरकारों को न सिर्फ़ हर तरह की जगहों पर पहुँचना होता था, बल्कि डाक की रक्षा भी करनी होती थी | डाकू, लुटेरों या जंगली जानवरों की चपेट में आने का डर हमेशा बना रहता था | आज भी भारतीय डाक सेवा दुर्गम व पहाड़ी इलाकों तक डाक पहुँचाने के लिए हरकारों पर निर्भर करती है | जम्मू-कश्मीर के लद्दाख खंड में पदम (ज़ंस्कार) जैसी कई जगह हैं जहाँ हरकारे डाक पहुँचाते हैं |

**क.** बहुत पुराने समय में किसके द्वारा संदेश भेजे जाते थे ? **(1)**

उत्तर - -----------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------

**ख.** हरकारों को हमेशा किसका डर बना रहता था ? **(1)**

उत्तर - -----------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------

**ग. वाक्य पूरा करो |** **(1)**

राजा, महाराजाओं के पास घुड़सवार --------- हुआ करते थे |

घ. **"संदेश"** शब्द का क्या अर्थ है ? **(1)**

उत्तर - -----------------------------------------------------------------

**ङ.　लिंग बदलो |** **(1)**

उत्तर - महाराजा = -------------

**प्रश्न-2 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए |**

केशव दस साल का था और अभी अपना काम सीख ही रहा था | पिता के एक बार करके दिखा देने पर वह सीधी लकीरों वाले और घुमावदार डिज़ाइन उकेर सकता था | अब तक उसने नक्काशी का जो भी काम किया था उनमें से इन घंटियों को बनाना ही सबसे ज़्यादा मुश्किल था | केशव जानता था कि एक दिन तो ऐसा ज़रूर आएगा जब वह बहुत बारीक जालियाँ, महीन-नफ़ीस बेल-बूटे, कमल के फूल, लहराते हुए साँप और इठलाकर चलते हुए घोड़े – ये सब पत्थर पर उकेर पाएगा ..... ठीक उसी तरह उसके पिता बनाते हैं |

कई साल पहले, जब वह पैदा भी नहीं हुआ था, उसके माता-पिता गुजरात से आगरा आकर बस गए थे | बादशाह अकबर उस वक्त आगरे का किला बनवा रहे थे और केशव के पिता को यहीं काम मिल गया |

**क.　केशव कितने साल का था ?** **(1)**

**उत्तर -** -------------------------------------------------------------

**ख.　केशव के माता-पिता गुजरात से कहाँ आकर बस गए थे ?** **(1)**

**उत्तर -** -------------------------------------------------------------

**ग.　बहुवचन लिखिए -** **(1)**

**उत्तर -** जाली = -------------- घोड़ा = -----------------

**घ. खाली जगह भरो |** **(1)**

**उत्तर -** बादशाह अकबर उस वक्त ----------- का किला बनवा रहे थे |

**ङ समान अर्थ वाला शब्द लिखिए |** **(1)**

**उत्तर -** वक्त = --------------

**प्रश्न-3 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए |**

किसी गाँव में एक चतुर जमींदार रहता था | उसके पास एक बकरी थी | उसने गाँव के लोगों से कहा – "जो भी इस बकरी को तीन दिन भरपेट घास खिला देगा, मैं उसे अपनी आधी संपत्ति दे दूँगा | लेकिन शर्त है कि यदि बकरी भूखी रह गई तो मैं उसके आधे खेत अपने अधिकार में ले लूँगा |

शर्त सुनते ही कई किसान उसके पास आए और उस बकरी को भरपेट घास खिलाने की शर्त उन्होंने स्वीकार कर ली | जमींदार ने एक किसान को बकरी दे दी | पंचायत में यह तय हो गया कि यदि किसान शर्त हार गया तो जमींदार उसकी आधी भूमि ले लेगा |

**क.** जमींदार कहाँ रहता था ? **(1)**

**उत्तर -** -------------------------------------------------------------

**ख.** क्या जमींदार ने किसान को बकरी दे दी थी ? **(1)**

**उत्तर -** -------------------------------------------------------------

**ग.** पंचायत में क्या तय हुआ था ? **(1)**

**उत्तर -** -------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------

**घ. नीचे लिखे वाक्य के सामने सही (√) या गलत (x) का निशान लगाइए|**

* जमींदार के पास कौन – सा पशु था ? **(1)**

अ) हिरण ☐ (ब) बकरी ☐ (स) गाय ☐

**ङ. खाली जगह भरो |** **(1)**

* शर्त सुनते ही कई ---------- उसके पास आए |

**च. समान अर्थ वाला शब्द लिखो |** **(1)**

**गाँव** = ------------

**छ. विलोम शब्द लिखो |** **(1)**

**पास** x --------------

**ज. लिंग बदलो |** **(1)**

**बकरी = ------------**

**झ. वाक्य बनाओ |** **(1)**

भरपेट - ---------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------

**ञ. तुक वाले शब्द लिखो |** **(1)**

**घास = -----------**

## पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्न

**प्रश्न-4 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए |**

**क.** लोनपो गार ने अपने बेटे को कहाँ भेजा था ? **(1)**

**उत्तर - ---------------------------------------------------------**

**ख.** राम, कौशल्या और ताड़का ये तीनों किस प्रसिद्ध कथा के पात्र हैं? **(1)**

**उत्तर -** ------------------------------------------------------------

**ग.** तुम अपने साथियों के साथ कौन – कौन से खेल खेलती हो ? **(2)**

**उत्तर -** ------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

**घ.** कागज़ के पन्नों की किताब और टेलीविज़न के पर्दे पर चलने वाली किताब | तुम इनमें से किसको पसंद करोगे? क्यों? **(2)**

**उत्तर -** ------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

**ङ.** अकबर को पहरेदार की दखलंदाजी अच्छी क्यों नहीं लगी ? **(2)**

**उत्तर -** ------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

**च.** रतन की माँ की आँखों में किस तरह की बेबसी झलकती होगी ? **(2)**

**उत्तर -** ------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

## रचनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न

**प्रश्न-5 नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र के बारे में एक अनुच्छेद लिखिए | (5)**



**प्रश्न-6 नीचे दिए गए किसी एक विषय पर 75 से 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए |** **(5)**

**"जब मुझे बहुत डर लगा था ….." "मैं जब छोटा था** ……." इस शीर्षक से जुड़े अपने किसी अनुभव का वर्णन कीजिए |

**या**

**"मेरी माँ"** के बारे में एक अनुच्छेद लिखिए |

-----------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------

**प्रश्न-7 व्याकरण पर आधारित प्रश्न**

**क. नीचे दिए गए शब्दों में से क्रिया शब्द छाँटकर लिखिए |** **(2)**

**i)** बच्चे मैदान में खेल रहे है | -------------------

**ii)** राम पुस्तक पढ़ रहा है | -------------------

**ख. नीचे दी गई व्यक्तिवाचक संज्ञाओं के लिए एक-एक जातिवाचक संज्ञा लिखिए |** **(2)**

i) मुंबई = -------------- ii) खिचड़ी = ---------------

**ग.** **नीचे दी गई संज्ञाएँ किस क्रिया से बनी है ? लिखिए |** **(2)**

i) लगाव = -------------- ii) चुनाव = ---------------

**घ.** **मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए |** **(2)**

i) आँख दिखाना = -----------------------------------------------

---------------------------------------------------------------

ii) आँखों का तारा = ----------------------------------------------

---------------------------------------------------------------

**ङ.** **नीचे दिए गए शब्दों के आगे उचित विशेषण लिखिए |** **(2)**

i) -------------- पत्थर ii) ------------- इलाका

**च.** **नीचे दिए गए वाक्य किस काल में है ? चुनकर लिखिए |** **(3)**

(वर्तमान काल / भूतकाल / भविष्यत् काल )

i) मौसी कल दिल्ली जाएगी | -------------------------

ii) बच्चे क्रिकेट खेल रहे है | -------------------------

iii) रमेश ने खाना खाया | -------------------------

**छ.** **समान तुक वाले शब्द लिखिए |** **(2)**

i) खेल = ---------------- ii) थाली = ----------------

**प्रश्न-8** **शब्द भंडार पर आधारित प्रश्न**

**क.** **विलोम शब्द लिखो |** **(2)**

i) विश्वास x --------------- ii) दुखी x ---------------

**ख.** **नीचे लिखे शब्दों में “कार” प्रत्यय लगाकर शब्द बनाओ |** **(2)**

i) फ़न + कार = ------------- ii) चित्र + कार -----------

**ग.** **“बे” उपसर्ग जोड़कर दो नए शब्द बनाओ |** **(2)**

i) --------------- ii) ---------------

**घ.** **समान अर्थ वाले शब्द लिखो** **(2)**

i) संदेश = ------------- ii) बेबसी = --------

**ङ.** **नीचे दिए गए शब्द के दो समान अर्थ (पर्यायवाची शब्द) लिखिए |** **(2)**

**माँ = ------------------- -----------------**

**प्रश्न-9** **वर्तनी पर आधारित प्रश्न**

**क.** **नीचे लिखे शब्दों के अक्षरों के क्रम को बदलकर शुद्ध बनाओ |** **(2)**

i) रतीहानि = --------------- ii) तानवीन = -------------

**ख.** **नीचे दिए गए वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए |** **(2)**

i) मीरा साइकिल चलाता है |

**उत्तर -** ------------------------------------------------------------

ii) मोहन पुस्तक पढ़ रही है |

**उत्तर -** ------------------------------------------------------------

**ग.** **नीचे दिए शब्दों के छूटे हुए अक्षर लिखकर शब्दों को पूरा कीजिए |** **(3)**

i) पारंप ---- क - ii) घुघु ----- या iii) पि ---- कोड

**घ. नीचे दिए शुद्ध शब्दों पर गोला (O) लगाओ | (3)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| i) | काशिदाकारी | कशीदाकारी | काशिदकरी |
| ii) | मणिआर्डर | मानीआर्डर | मनीआर्डर |
| iii) | झलकती | झलकति | झालाकती |

**प्रश्न–10 नीचे लिखे अनुच्छेद को सुंदर लेख में दुबारा लिखिए | (5)**

वह पुस्तक बहुत पुरानी थी | कुम्मी के दादा ने बताया कि जब वे बहुत छोटे थे तब उनके दादा ने कहा था कि उनके ज़माने में सारी कहानियाँ कागज़ पर छपती थीं और पढ़ी जाती थीं | पुस्तकों में पृष्ठ होते थे जिन पर कहानियाँ छपी होती थीं और हर पृष्ठ पढ़ने के पश्चात् दूसरा पृष्ठ पलटकर आगे पढ़ना होता था | सारे शब्द स्थिर रहते थे, चलते नहीं थे जैसे आजकल पर्दे पर चलते है|

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------